हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष : 05, अंक :-87, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 02 अक्टूबर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

### विजयदशमी पर राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को चेतावनी

## 'कराची का रास्ता सर क्रीक से होकर गुजरता है...'



**कच्छ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विजयदशमी के अवसर पर गुजरात के कच्छ में शस्त्र पूजन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसके बाद भारतीय सैनिकों को संबोधित किया। इस दौरान राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि, अगर पाकिस्तान की ओर से सरक्रीक क्षेत्र में कोई दुस्साहस किया गया, तो उसे ऐसा निर्णायक जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे। उन्होंने कहा, भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी उद्देश्यों को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया है, लेकिन सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ उसकी लड़ाई जारी रहेगी।

दशहरा के अवसर पर शस्त्र पूजा से पहले गुजरात के भुज स्थित एक सैन्य अड्डे पर सैनिकों के एक समूह को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, शस्त्रों के प्रति समर्पण आसुरी शक्तियों पर दैवी शक्ति की विजय की महानता को दर्शाता है। इसलिए जब हम शस्त्रों की पूजा करते हैं, तो हम इस शक्ति का उपयोग केवल धर्म और न्याय की रक्षा के लिए करने का संकल्प भी लेते हैं। भगवान राम ने अपने जीवन में इसी संकल्प का परिचय दिया। जब उन्होंने रावण के विरुद्ध युद्ध किया, तो उनके लिए वह युद्ध केवल विजय का साधन नहीं, बल्कि धर्म की स्थापना का साधन था। यहां तक कि जब महाभारत का युद्ध भगवान कृष्ण के मार्गदर्शन में लड़ा गया, तो उसका उद्देश्य पांडवों की विजय सुनिश्चित करना नहीं, बल्कि धर्म की स्थापना करना था। शस्त्रों की पूजा इस बात का प्रतीक है कि भारत न केवल शस्त्रों की पूजा करता है, बल्कि समय आने पर उनका प्रयोग करना भी जानता है।

### पाकिस्तान की नीयत में खोट है

राजनाथ सिंह ने सीमा विवाद को लेकर भी पाकिस्तान पर निशाना साधा। राजनाथ सिंह ने कहा, आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक क्षेत्र में सीमा विवाद को हवा दी जा रही है। भारत ने इसे बातचीत के जरिए सुलझाने के कई प्रयास किए हैं, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उनकी नियत साफ नहीं है। जिस तरह से पाकिस्तानी सेना ने हाल ही में सर क्रीक से सटे इलाकों में अपने सैन्य ढांचे का विस्तार किया है, उससे पाकिस्तान के गलत इरादों का पता चलता है।



## जयंती पर बापू-शास्त्री जी को किया नमन

**नई दिल्ली।** देशभर में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 156वीं जयंती मनाई जा रही है। आज भारत के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती भी है। पीएम मोदी ने दिल्ली के राज घाट पर गांधी और विजय घाट पर शास्त्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी राज घाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद उन्होंने शास्त्री को विजय घाट पर पुष्पांजलि दी। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन भी पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को विजय घाट पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे। इनके अलावा विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत तमाम नेता राजघाट पहुंचकर गांधी जी को श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

## पद्मविभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र का निधन



**मीरजापुर।** सुप्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्रा गुरुवार सुबह 4.15 बजे निधन हो गया। बेटी नम्रता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिताजी मीरजापुर घर पर ही थे। उनका अंतिम संस्कार बनारस में किया जायेगा। बीएचयू से छुट्टी मिलने के बाद स्वजन उनको लेकर के मीरजापुर पहुंचे थे और नगर के ओझलापुल स्थित रामकृष्ण सेवा मिशन चिकित्सालय में भर्ती कराया था, जहां उनकी जांच हुई थी। चिकित्सकों ने शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र का बीएचयू में चले इलाज व जांच रिपोर्ट को देखा।


## पहलगाम हमले से दोस्त-दुश्मनों का पता चला

### आरएसएस प्रमुख बोले- निर्भरता मजबूरी न बने

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा, 'पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया। इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला।'

उन्होंने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय संबंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा।

आरएसए प्रमुख ने यह बात गुरुवार को नागपुर में विजयादशमी पर संगठन के शताब्दी समारोह में कही। उन्होंने 41 मिनट के भाषण में समाज में आ रहे बदलाव, सरकारों का रवैया, लोगों में बेचैनी, पड़ोसी



देशों में उथल-पुथल, अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया। इससे पहले भागवत ने RSS के संस्थापक डॉ हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। शस्त्र पूजन किया। इस कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि थे।



# 13 राज्यों में 4 दिन तेज हवा-बारिश के आसार

## छत्तीसगढ़-बिहार में बिजली गिरने से 7 की मौतः यूपी-एमपी में भी एक-एक की जान गई

**नई दिल्ली।** देश में मानसून सीजन 30 सितंबर को खत्म हो गया, लेकिन कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में बुधवार को बारिश और बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के 28 जिलों में गुरुवार से अगले 3 दिनों तक तेज बारिश का अलर्ट है।

बिहार के बक्सर और नवादा जिले में बुधवार को बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। राज्य के 35 जिलों में आज भी भारी बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका है। राज्य में 7 अक्टूबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा।





उत्तर प्रदेश के 36 जिलों में भी बारिश का अलर्ट है। बुधवार को जालौन में बारिश और बिजली गिरने से 100 साल पुराना शिव मंदिर ढह गया। बिजली की चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। मध्य प्रदेश के पन्ना में एक व्यक्ति की बिजली गिरने से मौत हो गई।

अरब सागर से लेकर बंगाल की खाड़ी में अगले 96 घंटे में बड़ी हलचल हो सकती है। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो इस दौरान 3 बड़े मौसमी सिस्टम सक्रिय हो सकते हैं। ये सिस्टम कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक यानी पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक का मौसम बदल देंगे। देश के 13 राज्यों में तेज हवा, घने बादल और तेज बारिश होने जैसा मौसम बन सकता है, जिनमें आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक के कुछ हिस्से, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के इलाकों, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर शामिल हैं।

बंगाल की खाड़ी में बना दबाव का क्षेत्र गहरा होकर तट की ओर बढ़ रहा है। इससे ओडिशा में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। क्टऊ ने गुरुवार को ओडिशा के सभी 30 जिलों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। बुधवार को भी राज्य के लगभग सभी हिस्सों में भारी बारिश हुई।

# बलरामपुर में भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**बलरामपुर।** श्रीदत्तगंज क्षेत्र से रामलीला देख कर दो बाइक से लौट रहे चार लोगों की सड़क हादसे में मौत हो गई। घटना नगर क्षेत्र के उतरौला मार्ग पर कांदभारी गांव के पास रात करीब 12 बजे की बताई जा रही है प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह ने बताया कि रात करीब 12 बजे हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।



पुलिस के मुताबिक दो मोटरसाइकिल पर तीन - तीन युवक सवार थे, किसी ने हेलमेट भी नहीं पहन रखी थी। हादसे में युवकों के घायल होने की सूचना मिली। घायलों को एंबुलेंस से जिला संयुक्त चिकित्सालय में लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने चार युवकों को मृत घोषित कर दिया।

हादसे में मृतक संजय (25) व अंकित (21) दोनों सगे भाई हैं। इसी तरह सीताराम (22), गोलू उर्फ संतोष मौर्य (23) दोनों सगे भाई हैं। दोनों की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। एक ही परिवार के दो-दो युवकों की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है। चारों युवक महराजगंज तराई क्षेत्र के मूराडीह गांव के रहने वाले हैं। इसके साथ ही हादसे में वीरेंद्र कुमार मौर्य (24) व दिनेश मौर्य (23) गंभीर रूप से घायल हैं। वीरेंद्र को लखनऊ और दिनेश को बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

# छह मौतेंः कत्ल, खुदकुशी और नरबलि

## बहराइच में उलझी 6 मौतों की गुत्थी, सनी और सूरज की शव के पास सिंदूर

**बहराइच।** निंदुरपुरवा टेपरहा गांव में बुधवार को दो किशोरों की हत्या और फिर आरोपी के पूरे परिवार के साथ जलकर मरने की घटना ने जांच में जुटी पुलिस को उलझा दिया है। फोरेंसिक टीम भी घटनाक्रम की कड़ियों को जोड़ने की कोशिश में बुधवार सुबह से लेकर देर रात तक परेशान रही, लेकिन न तो हत्या का उद्देश्य स्पष्ट हो रहा है और न ही पूरे परिवार के साथ आरोपी के आत्महत्या की कहानी ही समझ आ रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, मामला हत्या, आत्महत्या और नरबलि की आशंका के दायरे में घूम रहा है।

किशोर सूरज और सनी के शव के पास ही सिंदूर और खून से सना अक्षत मिला है, जिससे ग्रामीण नवरात्र के अंतिम दिन नरबलि की आशंका भी जता रहे हैं। पुलिस इससे





इन्कार कर रही है। छह मौतों के बाद पूरे गांव में दहशत है।

**इन सवालों में उलझी पुलिस**

सभी की जुबां पर यही सवाल है कि आखिर विजय कुमार मौर्य ने जिन किशोरों को काम करने के लिए घर बुलाया, उन्हें मौत के घाट क्यों उतार दिया। पुलिस भी इन्हीं सवालों में उलझी हुई है। आईजी अमित पाठक और पुलिस अधीक्षक आरएन सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा किया। ग्रामीणों से भी पूछताछ की। लेकिन छह मौतों का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

# 'गाजा खाली करें फिलिस्तीनी, जो रुका वो माना जाएगा आतंकवादी'

**दीर अल बलाह।** इजरायल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने फिलिस्तीनियों को गाजा शहर छोड़ने का आदेश दिया है। काट्ज ने चेतावनी देते हुए कहा है कि यह उनके लिए अंतिम अवसर है। उन्होंने कहा कि जो लोग शहर में रुकेंगे, उन्हें आतंकवादियों का समर्थक माना जाएगा और उन्हें इजरायल के हमलों का सामना करना पड़ेगा। इस बीच गाजा के स्थानीय अस्पतालों ने जानकारी दी है कि इजरायल की ओर से ताजा किए गए हमलों में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई है। इजरायली सेना ने गाजा में बुधवार को

## इजरायल की चेतावनी से मची खलबली



बमबारी की थी। इजरायली रक्षा मंत्री ने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा, यह उन गाजा निवासियों के लिए अंतिम अवसर है जो दक्षिण की ओर जाना चाहते हैं और हमास आतंकवादियों को गाजा शहर में अलग-थलग छोड़ना चाहते हैं। जो लोग गाजा में रहेंगे उन्हें आतंकवादी और आतंकवाद समर्थक माना जाएगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जंग को समाप्त कराने के लिए 20 सूत्रीय नया प्रस्ताव पेश किया है। हमास ट्रंप के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है। पिछले महीने इजरायल की ओर से गाजा पर कब्जा करने के लिए शुरू किए गए बड़े हमले के बाद से लगभग 4 लाख फिलिस्तीनी गाजा शहर से पलायन कर चुके हैं। लेकिन, हजारों लोग अब भी वहां हैं, जिनमें से कई इतने कमजोर हैं कि दक्षिणी हिस्से में स्थित शिविरों तक नहीं जा सकते हैं।

# न्यूयॉर्क के ला गार्डिया एयरपोर्ट पर दो विमान आपस में टकराए

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित ला गार्डिया हवाई अड्डे पर बुधवार को दो विमान टैक्सीवे पर आपस में टकरा गए। दोनों विमान डेल्टा एयरलाइंस की सहायक कंपनी एंडेवर एयर द्वारा संचालित थे। इस हादसे में एक यात्री घायल हुआ है। हादसे के बाद दोनों विमानों में सवार यात्रियों को नीचे उतारकर बस के जरिए टर्मिनल तक ले जाया गया। न्यूयॉर्क टाइम्स ने हवाई अड्डा प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, एक विमान लैंडिंग के बाद गेट की ओर जा रहा था, तभी रात 9:58 बजे (स्थानीय समयानुसार) एक दूसरा विमान उससे टकरा गया, जो टेकऑफ की तैयारी में था। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो और तस्वीरों में देखा जा सकता है कि एक विमान का पंख पूरी तरह से टूट गया है। घायल यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376। प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार।** E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 02 अक्टूबर, 2025


## बांकेबिहारी मंदिर दर्शन समय विवाद में सेवायतों की मनमानी!

# पुराने समय पर ही खोले पट

एनएनआई

**वृंदावन।** ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन का समय न बढ़ाने पर मंदिर सेवायत अड़े हैं। हाईपावर कमेटी के आदेश को लगातार दूसरे दिन भी हवा में उड़ा दिया। मंदिर पूर्व निर्धारित समय पर ही खोले गए, जबकि उससे पहले ही नए समय को देख श्रद्धालु मंदिर के बाहर पहुंच गए और इंतजार करते रहे। अब सेवायत कहते हैं कि पहले हाईपावर कमेटी पहले उन्हें यह लिखकर दे कि पूर्व में इलाहाबाद हाई कोर्ट में मंदिर का समय बढ़ाने के जिस आदेश पर रोक लगाई थी, वह लागू नहीं होगा।

ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में भीड़ नियंत्रण को लेकर मंदिर के प्रबंधन के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाईपावर मैनेजमेंट कमेटी ने मंदिर का समय बढ़ाने का आदेश दिया। इसे 30 सितंबर से लागू करना था। लेकिन सेवायतों ने समय बढ़ाने के आदेश को नहीं माना।

आदेश के मुताबिक सुबह सात बजे मंदिर के पट खुलने हैं, लेकिन सेवायतों ने पहले से निर्धारित पौने आठ बजे ही पट खोले।

इसी तरह साढ़े 12 बजे के बजाए



12 बजे ही बंद किया।

शाम को भी 4.15 बजे के बजाए पहले से निर्धारित 5.30 बजे पट खोले और रात में 9.30 बजे बंद कर दिए।

लगातार दूसरे दिन भी सेवाधिकारी बिट्ठू गोस्वामी ने मंदिर के पट पौने आठ बजे ही खोले।

इसी तरह शाम को भी साढ़े पांच बजे ही पट खोले गए।

**बोले, कमेटी लिखकर दे पूर्व का हाई कोर्ट का आदेश लागू नहीं**

बिट्ठू गोस्वामी का कहना है कि वर्ष 2022 में निचली अदालत ने दर्शन का समय प्रशासन के कहने पर बढ़ाया था, लेकिन उसे इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रोक दिया था। अभी वही आदेश लागू है। सुप्रीम कोर्ट की हाईपावर कमेटी को स्पष्ट आदेश है कि वह मंदिर की सेवा-पूजा में हस्तक्षेप नहीं करेगी, बल्कि मंदिर की व्यवस्थाओं का संचालन करेगी।

सेवायतों का कहना है कि अगर वह हाईपावर कमेटी के आदेशों का पालन करते हैं और हाई कोर्ट के पूर्व के आदेश की अवमानना होगी। मंदिर सेवाधिकारी बिट्ठू गोस्वामी ने सीधे तौर पर कहा कि हाईपावर कमेटी यह लिखकर दे कि हाई कोर्ट द्वारा लगाई गई समय वृद्धि पर रोक अब लागू नहीं है, तभी हम उसका आदेश मानेंगे।

**श्रद्धालुओं को हुई निराशा**

दर्शन के लिए समय बढ़ाने की सूचना पर अब श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे हैं, लेकिन उन्हें मंदिर के पट न खुलने पर निराशा हो रही है। बुधवार को कानपुर के किदवई नगर निवासी रितु शुक्ला परिवार के साथ मंदिर पहुंचीं। वह पौने सात बजे ही मंदिर पहुंच गईं, लेकिन एक घंटे के बाद मंदिर खुला। इसी तरह राजस्थान के भरतपुर निवासी सुशीला पति के सात साढ़े छह बजे ही पहुंच गईं। लेकिन उन्हें भी इंतजार करना पड़ा। बांकेबिहारी मंदिर हाईपावर कमेटी के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने कहा दो दिन तक कमेटी के आदेशों का पालन नहीं किया गया है। ऐसे में मंदिर प्रबंधक ने कमेटी को रिपोर्ट भेजकर पूरी जानकारी दी है। मामले में जो भी उचित कार्रवाई होगी, की जाएगी।



## यमुना एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक में घुसा कैंटर, ड्राइवर की मौत

**मथुरा** एनएनआई। बलदेव थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर एक सड़क हादसे में कैंटर चालक की मौत हो गई। यह घटना माइलस्टोन 138 पर हुई, जब आगरा से नोएडा की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार कैंटर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गया।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कैंटर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसमें बुरी तरह फंस गया। सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद कटर से कैंटर का दरवाजा काटकर चालक को बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल चालक को तत्काल एंबुलेंस से आगरा अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बलदेव थाना प्रभारी निरीक्षक रंजना सचान ने



चालक की मौत की पुष्टि की। मृतक की पहचान फिरोजाबाद जिले के मक्खनपुर थाना क्षेत्र के इंदुमई निवासी सुखवीर सिंह पुत्र मेहताब सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में नियमानुसार परिजनों को सौंप दिया। हादसे में कैंटर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जिसे खंदौली टोल की क्रेन की मदद से एक्सप्रेसवे से हटवाया गया। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों से प्रार्थना पत्र मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार, पैरों में लगी गोली

एनएनआई

**हाथरस।** पुलिस ने रात को 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश पंकज को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। बदमाश के दोनों पैरों में गोली लगी है, जिसके बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक शातिर वाहन चोर गांव जाउ को जाने वाले रास्ते के पास से गुजरने वाला है।

सूचना के आधार पर एसओजी टीम, थाना हसायन पुलिस और मिशन शक्ति टीम ने ग्राम जाउ जाने वाले रास्ते पर चेकिंग शुरू की। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता दिखा। पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं रुका। जब पुलिस ने घेराबंदी करने की कोशिश की, तो शातिर वाहन चोर ने जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी।



पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश पंकज पुत्र तेज सिंह निवासी बस्तोई, थाना हसायन के दोनों पैरों में गोली लगी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल और एक तमंचा बरामद किया है। पंकज वही बदमाश है जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

4 अगस्त को एसओजी टीम और थाना हसायन पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दो अंतरराज्यीय वाहन चोरों (अमित और बॉबी) का साथी था। उन दोनों की निशानदेही पर चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद हुई थीं और पंकज उस मामले में वांछित चल रहा था। पंकज एक शातिर अपराधी है जिसके खिलाफ थाना हसायन में चोरी, नकबजनी, आर्म्स एक्ट, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट, आबकारी एक्ट और मारपीट सहित कई धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी एसओजी धीरज गौतम, थाना प्रभारी ललित कुमार और मिशन शक्ति की टीम शामिल थी। इस मुठभेड़ में महिला पुलिस कर्मी भी शामिल थी।

# ट्रेन में फर्जी टीटीई गिरफ्तार

## टूंडला स्टेशन पर नान स्टाप ट्रेन रोककर हुई कार्रवाई

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** आनंद विहार से पटना जा रही गाड़ी संख्या 04090 में यात्रियों के टिकट जांचते हुए जीआरपी ने एक फर्जी टीटीई को गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से फर्जी टीटीई कार्ड भी बरामद हुआ है। जीआरपी ने उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

यह घटना आनंद विहार टर्मिनल से ट्रेन के चलने के बाद हुई। प्रयागराज के डिप्टी सीटीआई अभिनव पांडेय ने एक संदिग्ध व्यक्ति द्वारा फर्जी टीटीई बनकर यात्रियों को गुमराह करने की सूचना जीआरपी और आरपीएफ को दी। इस सूचना पर शाम साढ़े सात बजे नान स्टाप ट्रेन को टूंडला स्टेशन पर रोका गया। जीआरपी ने आरोपित को कोच ए1 से पकड़ा। आरपीएफ और जीआरपी ने संयुक्त रूप से जांच की, जिसमें आरोपित फर्जी परिचय पत्र दिखाकर खुद को टीटीई साबित करने



का प्रयास कर रहा था। उसकी पहचान सोनपुर, बिहार निवासी विजय कुमार आजाद के रूप में हुई। उसके पास से फर्जी टीटीई परिचय पत्र बरामद हुआ।

प्रभारी थानाध्यक्ष जीआरपी मंधीर सिंह ने बताया कि डिप्टी सीटीआई प्रयागराज की लिखित शिकायत के आधार पर आरोपित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पूछताछ में पता चला कि आरोपित यात्रियों को गुमराह कर उनसे पैसे ऐंठने का प्रयास कर रहा था। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह पहले सोनपुर, बिहार के डीआरएम मनोज कुमार अग्रवाल के बंगले पर वर्ष 2018 से 2020 तक साफ-सफाई का काम करता था। उनके तबादले के बाद उसने एक वर्ष तक प्राइमरी स्कूल के बच्चों को होम ट्यूशन दिया।

# शर्त में हार गया जिन्दगी...

## यमुना पार करने की लगाई थी शर्त, नदी में डूबने से हो गई मौत

एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र के भगवती बाग का एक युवक बुधवार दोपहर की यमुना नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब दो युवकों के बीच नदी पार करने की बाजी लग गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ऑटो चालक सचिन और उसका पड़ोसी मोहन दोपहर में बाल कटवाने के लिए फाउंड्री नगर गए थे। वहां से लौटते समय सचिन का यमुना में नहाने का मन हुआ। मोहन ने मना कर दिया, लेकिन उसके छोटे भाई सूरज को बुला लिया गया।



नदी किनारे सचिन और सूरज के बीच यह शर्त लग गई कि पहले कौन नदी पार करेगा। दोनों ने कपड़े उतारकर नदी में छलांग लगा दी। सूरज सुरक्षित तैरकर दूसरे किनारे पहुंच गया, लेकिन सचिन तेज बहाव में बह गया और गहरे पानी में डूब गया। पुलिस ने गोताखोरों व स्टीमर की मदद से काफी खोजबीन की, लेकिन देर रात तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। सचिन के डूबने की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। मां और तीन बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सचिन के पिता गलियों में बच्चों को कैंडी बेचकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। बड़े भाई की पहले ही बीमारी से मौत हो चुकी थी। सचिन ऑटो चलाकर बहनों की शादी के लिए लिया गया कर्ज उतार रहा था।

# महिलाओं से कर रहा था अश्लील हरकतें, दबोचा



एनएनआई

**आगरा।** ट्रांस यमुना पुलिस की एण्टीरोमियो टीम प्रभारी मिनाली चौधरी बुधवार शाम क्षेत्र में भ्रमण कर रही थीं। टीम कैला देवी मंदिर पहुंची तो वहां महिलाओं को रोक उनका हालचाल जाना। मिशन शक्ति और एण्टीरोमियो अभियान की जानकारी दी गई। इसी दौरान कुछ महिलाओं ने शिकायत की कि मंदिर के पास गली में खड़ा एक युवक उन्हें देखकर अश्लील इशारे और फब्तियां कसता है।

इस पर टीम तत्काल मौके पर पहुंची और संदिग्ध की पहचान कराई। पकड़े गए युवक ने अपना नाम चाहत जैन पुत्र श्यामसुंदर, निवासी कालिंदी बिहार बताया। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एण्टीरोमियो टीम प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस तरह की हरकतों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मासूम बेटा-बेटी को छोड़ विवाहिता प्रेमी संग फरार

- पति दिल्ली में करता था प्राइवेट नौकरी, अज्ञात युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज
- हनुमान सेना ने तीन दिन में महिला की बरामदगी न होने पर दी प्रदर्शन की चेतावनी

एनएनआई

**एत्मादपुर।** घर पर वृद्ध सास संग मासूम बेटा-बेटी को छोड़कर क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता के आठ दिन पूर्व बिना बताए प्रेमी संग फरार होने के मामले में दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करने वाले पीड़ित पति ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ महिला को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा पंजीकृत कराया है। इस मामले में हिंदूवादी संगठन हनुमान सेना ने तीन दिन के अंदर महिला की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पति ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करता है। घर पर 60 वर्षीय वृद्ध मां के साथ उसकी पत्नी (30 वर्ष) और सात वर्ष की बेटी व चार वर्षीय बेटा रह रहा था। बीते गुरुवार की शाम को वृद्ध मां ने मोबाइल फोन से जानकारी दी कि मेरी पत्नी बिना बताए घर से लापता हो गई है। इसके बाद वह घर आया और अपने कमरे की तलाशी ली तो एक जियो भारत कंपनी का अज्ञात कीपैड मोबाइल फोन पड़ा मिला। यह फोन उसके द्वारा खरीदकर पत्नी को नहीं दिया गया था। पीड़ित पति ने अज्ञात व्यक्ति पर अपनी पत्नी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए घर में पड़ा मिला मोबाइल उसी व्यक्ति का होने की आशंका व्यक्त की है, जो उसकी पत्नी को भगा ले गया है। पीड़ित का कहना है कि आसपास के गांवों तथा रिश्तेदारी में तलाशने पर भी पत्नी नहीं मिली है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पीड़ित पति की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। विवाहिता की तलाशी को पुलिस की विशेष टीम लगाई गई है। लोकेशन न मिलने के कारण सुराग मिलने में देरी हो रही है। दो-तीन दिन में आरोपी व्यक्ति और महिला पुलिस हिरासत में होंगे। इधर इस मामले में कल हनुमान सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण वीर सिंह जादौन के नेतृत्व में हिंदूवादी कार्यकर्ता लापता महिला की बरामदगी की मांग को लेकर थाना पहुंचे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तीन दिन के अंदर थाना पुलिस गांव की लापता महिला का पता नहीं लगा पाती है तो पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। उनका कहना है कि टूंडला निवासी समुदाय विशेष का युवक लव जिहाद के जाल में फंसाकर हिंदू समाज की महिला को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

\- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।

# पत्नी की हसिए से की गला रेत कर हत्या

- पिनाहट के गांव झोरियन में वारदात से मचा हड़कंप
- पुलिस ने हत्यारोपी पति को किया गिरफ्तार

एनएनआई

**आगरा।** पिनाहट थाना क्षेत्र के गांव झोरियन में बुधवार सुबह एक पति ने हंसिए से गर्दन रेत पत्नी की हत्या कर दी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। वह मानसिक विक्षिप्त बताया गया है।



गांव झोरिया निवासी 47 वर्षीय कालीचरन उर्फ कलूटा ने अपनी पत्नी 43 वर्षीय उर्मिला देवी की हाशिये से गला काटकर निर्मम हत्या कर दी। बताया गया कि उर्मिला देवी खेत से लौटकर घर आई थी कि तभी आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। हत्या के बाद आरोपी शव के पास बैठा रहा। इस दौरान बच्चों की चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि कालीचरन लंबे समय से मानसिक रोग से ग्रसित है। जयपुर से उसका इलाज चल रहा था। कुछ माह पूर्व उसने भाई पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया था। एक माह पहले फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास भी किया था। घटना की सूचना पर एसीपी पिनाहट गिरीश कुमार और प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं डीसीपी अली अब्बास ने बताया कि चीखें सुनकर बच्चे परिवार के लोगों को बुलाने खेत पर पहुंचे। हमले की जानकारी होते ही परिजन घर की तरफ दौड़े, लेकिन तब तक कलूटा ने पत्नी की जान ले ली थी। शव के पास ही कलूटा भी बदहवास बैठा हुआ मिला। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया पत्नी की हत्या का आरोपी पति कलूटा ने करीब दस दिन पहले ही अपने भाई सुरेश के ऊपर भी भाला से जानलेवा हमला किया था।


# करोड़ों की चरस के साथ तस्कर अरेस्ट

एनएनआई

**आगरा।** नेपाल से बिहार के रास्ते आगरा तक चरस की तस्करी की जा रही है। एसटीएफ आगरा यूनिट ने मंगलवार रात एक तस्कर को गिरफ्तार कर यह खुलासा किया। आरोपी रोशन शाह नेपाल का रहने वाला है। उसके पास से 7.9 किलो चरस बरामद की गई। लोहामंडी में सप्लाई करने वाला था। पुलिस उसके साथियों की तलाश में लगी है। एसटीएफ आगरा यूनिट के निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी रोशन शाह मूलरूप से वारा, नेपाल का है। हाल में कलकी, काठमांडो में रह रहा है।

एसटीएफ टीम को सूचना मिली थी वह रामलीला मैदान की तरफ से निकलेगा। इस पर घेराबंदी कर ली गई। इसके बाद आरोपी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि काठमांडो में उसकी मुलाकात विनय नामक तस्कर से हुई थी। दोनों ने साथ बैठकर शराब पी। तब विनय ने बताया कि चरस की खेप भारत में पहुंचाने पर हर चक्कर पर 5000 रुपये मिलेंगे। दो बार पहले सप्लाई दे चुका है। अब तीसरी बार आया था। विनय ने बिहार-नेपाल बार्डर पर रक्सौल के रास्ते पर पैकेट दिए थे। उसे इन्हें लोहामंडी में शिवहरे फाटक निवासी कुश शिवहरे और उसकी मां बबली शिवहरे के पास पहुंचाना था। मगर उससे पहले ही एसटीएफ ने पकड़ लिया। मामले में थाना रकाबगंज में केस दर्ज कराया गया है। चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों में बताई गई है। हालांकि भारत में यह लाखों में है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि नेपाल से भारत कई तस्कर नशे की खेप लेकर आ रहे हैं। रास्ते में मुख्य तस्कर मोबाइल और सिम भी देते हैं।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
आगरा
www.nnindianews.com
गुरुवार, 02 अक्टूबर, 2025

# रावण का अहंकार होगा चूर-चूर

- शहर भर में धूमधाम से मनाया जा रहा है विजय दशमी पर्व
- रामलीला मैदान में लक्ष्मण के हाथों धराशायी हुआ मेघनाथ

एनएनआई

**आगरा।** रावण का अहंकार आज देर शाम को चूर-चूर हो जाएगा। भगवान राम के हाथों उसका वध होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की विजय का पर्व दशहरा शहर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। भगवान श्रीराम बुराई रूपी रावण का संहार कर असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देंगे। शहर में रावण दहन का मुख्य आयोजन रामलीला मैदान में होगा। इसके अलावा सेंट जॉन्स कॉलेज और नेहरू नगर सहित शहर में कई स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा। रामलीला मैदान में बुधवार को मेघनाथ का वध भगवान राम के अनुज लक्ष्मणजी के हाथों हुआ। इससे पहले रामलीला मैदान में भगवान श्रीराम और रावण सेना के बीच युद्ध हुआ। दोनों ओर से तीर और तलवारों के प्रहार किए गए। अंत में लड़ते- लड़ते लक्ष्मणजी के हाथों मेघनाथ धराशायी हो गया। गुरुवार देर रात को विजय दशमी उत्सव के रंग से उस समय सराबोर हो जाएगा, जब भगवान राम के हाथों अच्छाई पर बुराई के प्रतीक अहंकारी रावण का अंत होगा और पूरा मैदान खुशी से झूम उठेगा। बम, पटाखे और आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी। इधर शहर की कॉलोनियों और मोहल्लों में भी विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा।





## जगह-जगह हो रहा शस्त्र पूजन

विजयादशमी पर शहर में जगह-जगह शस्त्र पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। क्षत्रिय समाज सहित अन्य सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों के साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठानों में शस्त्र पूजन किया जा रहा है।

## संघ के स्थापना दिवस पर पथ संचलन आज

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी स्थापना दिवस शहर में जगह-जगह आयोजन किए जा रहे हैं। इस दौरान शस्त्र पूजन और पंथ संचलन निकाला जाएगा। प्रातः 6:30 बजे से 9:30 बजे तक कार्यक्रम किए गए। शस्त्र पूजन के बाद गणवेशधारी स्वयंसेवकों का पथ संचलन निकाला। आज के ही दिन सन 1925 में विजय दशमी के दिन संघ की स्थापना हुई थी।

## लोहामंडी में शाम को निकलेगा दशहरा

श्रीरामचंद्रजी मंदिर जटपुरा लोहामंडी से सोमवार शाम को दशहरा निकलेगा। पांच दर्जन से अधिक झांकियों के साथ भगवान श्रीराम और रावण की सेना रथों पर सवार होकर पराक्रम दिखाते हुए लोहामंडी व आसपास के क्षेत्र का भ्रमण करते हुए सेंट जॉन्स चैराहे पर पहुंचेंगे, जहां पर श्रीराम और रावण सेना के बीच घमासान होगा और फिर देर रात को रावण के पुतले को दहन किया जाएगा।

# किसानों को समय से गुणवत्ता युक्त उर्वरक उपलब्ध होः जिलाधिकारी

- किसान फसल संस्तुति के आधार पर ही करें उर्वरकों का प्रयोग

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने जनपद में सभी किसानों को उर्वरकों का पारदर्शिता पूर्ण वितरण करने, विभिन्न फसलों के लिए उर्वरकों का संस्तुत मात्रा में प्रयोग, यूरिया डायवर्जन, कालाबाजारी, जमाखोरी, ओवर रेटिंग रोकने और सभी सहकारी समितियों पर उर्वरकों का पारदर्शी वितरण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि शासन द्वारा किसानों को समय से निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि फसल संस्तुति के आधार पर ही किसान फसलों में उर्वरकों का प्रयोग करें। उर्वरकों का आवश्यकता से अधिक उपयोग न हो। पूर्व से ही अग्रिम भण्डार न किया जाए। सहकारी समितियों से प्राथमिकता पर कृषित भूमि-जोत के अनुसार उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। आगामी रवी मौसम में आलू, सरसों, गेहूं , मक्का, दलहनी और तिलहनी फसलों की बुवाई प्रारम्भ की जाएगी। उर्वरकों का प्रयोग संतुलित मात्रा में हो। साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा जाए कि असामाजिक तत्वों द्वारा



अधिक मात्रा में उर्वरक क्रय कर गैर कृषि गतिविधियों में जैसे यूरिया डायवर्जन, कालाबाजारी, जमाखोरी, ओवर रेटिंग पर प्रभावी रोक के लिए प्रत्येक किसान को उसके कृषि भूमि जोत पर प्रति 1 हेक्टेयर पर अधिकतम डीएपी-5 बैग और यूरिया-7 बैग की मात्रा ही दी जाए। इस मात्रा से अधिक भण्डारण करने पर उसे उर्वरक 1985 का उल्लंघन माना जाए। संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि समिति के सदस्यों को ही उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। कृषकों की भूमि से सम्बन्धित समस्त ब्यौरा, उर्वरक विक्रय रजिस्टर में अनिवार्य रूप से अंकन किया जाए। अन्य कृषकों जो उस समिति के सदस्य नहीं हैं. उनको फार्मर आईडी के अनुसार उर्वरक उपलब्ध कराया जा सकता है। जनपद के टॉप-20 खरीदार व टॉप-20 रिटेलर की क्रेतावार सूची बनाकर जांच करने के जिलाधिकारी ने निर्देश दिए। बैठक में संबंधित को फील्ड में रहकर सतत अनुश्रवण करते हुए सभी किसानों को समय से गुणवत्तायुक्त उर्वरक निर्धारित दर पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में कुछ सचिवों के पास 2 अथवा उससे अधिक सहकारी समितियों का प्रभार के बारे में जानकारी ली।

# खाटू श्याम मंदिर ताजगंज में हुआ सामूहिक कन्या-लांगूर पूजन

**आगरा (एनएनआई)।** ताजगंज स्थित खाटू श्याम मंदिर परिसर में धार्मिक उल्लास और भक्ति भाव से सामूहिक कन्या-लांगूर पूजन का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। भजन-कीर्तन के बीच नन्हीं कन्याओं और लंगूरों का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। अध्यक्ष राजू गोयल ने बताया कि कन्या-लांगूर पूजन से सुख-समृद्धि और मंगल की प्राप्ति होती है। कन्याओं के चरण पखारकर उन्हें देवी स्वरूप मानकर पूजन किया गया और भोग प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर माँ दुर्गा के प्रति आस्था व्यक्त की। इस अवसर पर संरक्षक कृष्ण मुरारी अग्रवाल, सचिव मयंक अग्रवाल, राजेश गुप्ता, रुचिका गोयल, नम्रता अग्रवाल, उर्मिला अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अंजू, राधा, आदि मौजूद रहे।



# मिशन शक्ति के तहत कलेक्ट्रेट में हुआ कन्या पूजन

- बालिका जन्मोत्सव मनाकर मातृ शक्ति का किया नमन
- राज्य महिला आयोग अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया की उपस्थिति में हुआ कन्या पूजन

एनएनआई



**आगरा।** मिशन शक्ति-5.0 के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को कन्या पूजन का आयोजन किया गया। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, अपर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने मिशन शक्ति के तहत देवी स्वरूप 21 कन्याओं का रोली तिलक से पूजन करते हुए, चुनरी, फल मिठाई, भोजन प्रसाद, शिक्षा सामग्री बेबी किट और पोषण पोटली भेंट की। इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहाकि हमारे धर्मग्रंथों, ऋषि मुनियों ने समाज में महिलाओं बेटियों को पूज्य स्थान दिया है। आज महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा के लिए उनको आत्मनिर्भर, स्वस्थ्य, सशक्त बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री ने बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का नारा दिया था। आज हम गर्व से कह सकते हैं कि बेटियां बच भी रही हैं, पढ़ भी रहीं हैं, और बेटियां आगे भी बढ़ भी रही हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ .मंजू भदौरिया ने कहाकि आपका जीवन हमेशा खुशियों से भरा रहे, आपको माता रानी हर सुख, स्वास्थ्य और सफलता दें, हमेशा मुस्कुराती रहो, खूब पढ़ो-लिखो और अपनी मंजिल हासिल करो, तुम्हारा भविष्य उज्ज्वल हो, हमेशा अच्छे कार्य करो, बढ़िया इंसान बनो और अपने परिवार ल समाज का नाम रोशन करो यही हमारी शुभकामनाएं हैं। जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं, बेटियों को जोड़ा जा रहा है। अपर पुलिस आयुक्त रामबदन सिंह ने बताया कि आज बेटियां सभी क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर रही है। हमारी मातृ शक्तियों की सफलतायें देशवासियों को प्रेरित व मार्गदर्शित करती है। पुलिस विभाग बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा,समग्र उन्नयन को सदैव प्रतिबद्ध है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड व सामान्य), पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन, स्पॉन्सरशिप योजना, वन स्टॉप सेन्टर, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन और टोलफ्री नं.-181 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस मौके पर एसीपी सुकन्या शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल सोनी, जिला सूचना अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## जय सिया राम, जय-जय हनुमाना, लंका दहन करि दीन्हा निशाना

- बाबा श्री मनकामेश्वर रामलीला महोत्सव में हुआ लंका दहन, सेतु निर्माण और शक्ति उपासना का मंचन

एनएनआई



**आगरा।** गढ़ी ईश्वरा, दिगनेर, शमशाबाद रोड स्थित बाबा श्री मनकामेश्वर रामलीला महोत्सव में बुधवार को। लंका दहन, समुद्र पर सेतु निर्माण और भगवान श्रीराम द्वारा शक्ति उपासना का मंचन किया गया। हनुमान जी की पूंछ में आग लगाकर राक्षसों द्वारा उपहास किए जाने के बाद जब उन्होंने सम्पूर्ण लंका को जला दिया, तो पूरा मंचन उत्साह और भक्ति से भर गया। जग महं प्रगट भयो हनुमाना, लंका दहन कीन्हा बड़वाना। इसके बाद नल-नील की अगुवाई में वानर सेना द्वारा पत्थरों पर श्रीराम का नाम लिखकर उन्हें समुद्र में प्रवाहित करना और उनका तैरते हुए सेतु बन जाना अद्भुत दृश्य था। राम नाम अंकित सिला, सागर बिच तिरै। भक्ति, श्रम, विश्वास से, धर्म मार्ग सिरजै। अंतिम प्रसंग में देवी की आराधना और आशीर्वाद प्राप्त कर श्रीराम ने लंका विजय का संकल्प लिया। शक्ति बिना नर नाहिं, करि सकई काज। राम सुमिरि भवानी, पायो विजय समाज। वृंदावन की किशोरी रास लीला मंडली के कलाकारों के जीवंत अभिनय सभी को मंत्रमुग्ध किया। महंत योगेश पुरी ने कहाकि हनुमान जी का पराक्रम, वानर सेना का सामूहिक श्रम और राम द्वारा की गई शक्ति उपासना हमें यह शिक्षा देती है कि सामूहिक प्रयास और दिव्य कृपा से कोई भी कार्य असंभव नहीं है। मठ प्रशासक हरिहर पुरी ने बताया कि रामलीला के यह प्रसंग जीवन के हर क्षेत्र में विश्वास और श्रम की महत्ता को रेखांकित करता है।

## शासन के समक्ष फिर उठाऊंगी रेहावली बांध का मुद्दा: मंजू भदौरिया

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने सिविल सोसायटी आगरा को दिया भरोसा

एनएनआई



**आगरा।** जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया ने रेहावली बांध का मुद्दा शासन के समक्ष उठाएंगी। उटंगन नदी का पानी उतर चुका है, जल डूब क्षेत्र की नवीन तम जानकारी सिंचाई विभाग के पास उपलब्ध है। अगर जरूरत हुई तो जिलाधिकारी को पत्र लिख कर खेरागढ, किरावली और फतेहाबाद तहसीलों के नदी तटीय गांवों के लेखपालों से सहयोग के लिये भी पत्र लिखेंगी। उक्त बात जिला पंचायत अध्यक्ष ने सिविल सोसायटी ऑफ आगरा के प्रतिनिधियों से बातचीत के दौरान कही।

डा भदौरिया ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा उटंगन के मानसून कालीन डूब क्षेत्र का चिन्हांकन करने और मुड्डियां लगाने के लिए जिला पर्यावरण समिति की बैठक में सिंचाई विभाग को निर्देशित किया जा चुका है, जो उटंगन नदी के जीर्णोद्धार की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहाकि अगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनकी मुलाकात संभव हो सकी तो वह उटंगन नदी पर रेहावली बांध का मुद्दा भी उठायेंगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी डॉ. भदौरिया और पूर्व विधायक डॉ. राजेन्द्र सिंह मुख्यमंत्री के समक्ष उटंगन नदी में मानसून कालीन पानी भरपूरता को दृष्टिगत रेहावली गांव में बांध बनाये जाने का मुद्दा उठा चुके हैं।

जिला पंचायत अध्यक्ष से मुलाकात करने वालों में सिविल सोसायटी ऑफ आगरा के सचिव अनिल शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार राजीव सक्सेना और फोटो जर्नलिस्ट असलम सलीमी शामिल रहे।

## आगरा ने चिकित्सा क्षेत्र में रचा इतिहास : उप्र में पहली बार आगरा में हुई रोबोटिक टेली-सर्जरी

एनएनआई





**आगरा।** चिकित्सा क्षेत्र में आगरा ने एक और नया इतिहास रचा। प्रदेश में पहली बार कमलेश टंडन हॉस्पिटल, आगरा में रोबोटिक टेली-सर्जरी के माध्यम से एक जटिल शल्यक्रिया का सफल संचालन किया गया।

इस ऐतिहासिक सर्जरी के अंतर्गत वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित टंडन ने रोबोटिक तकनीक से भोपाल में एक महिला रोगी का ऑपरेशन किया। वहीं डॉ. प्रिया भावे ने भोपाल से जुड़ते हुए आगरा की एक महिला मरीज की रसोई की सफल रोबोटिक सर्जरी की। आगरा में यह पहली बार है जब दो शहरों के बीच इस अत्याधुनिक तकनीक से एक साथ दो अलग-अलग स्थानों पर सफल सर्जरी की गई हैं। डॉ. अमित टंडन ने आगरा में ही एक महिला की बच्चेदानी की सर्जरी भी की, जिसमें बच्चेदानी के अपनी जगह से खिसकने या बाहर आ जाने की स्थिति में उसे टेप तकनीक के माध्यम से पुनः स्थान पर स्थापित किया गया। यह सर्जरी भी पूर्णतः रोबोटिक प्रणाली से की गई, जो उत्तर प्रदेश में अपनी तरह की पहली सफल प्रक्रिया रही। डॉ. अमित टंडन ने बताया कि यह सर्जरी 4-5 अक्टूबर को आयोजित होने जा रही एंडो रोबो गायनीकार्यशाला का ही हिस्सा हैं, जिसमें देश-विदेश के 400 से अधिक विशेषज्ञ जुटेंगे और आगरा में लाइव रोबोटिक, टेली सर्जरी करने के साथ ट्रेनिंग भी देंगे। लैप्रोस्कोपिक विधि से भी सर्जरी की जायेगी। रोबोटिक सर्जरी के लिए चिकित्सा क्षेत्र के नये आने वाले सर्जन को हैंड्स ऑन ट्रेनिंग दी जायेगी। इसके साथ ही बच्चेदानी में जन्मजात से बनावटी कमी व स्त्रियों में मूत्र रोग की समस्या (खांसने व छींकने में पेशाब का निकलना) के इलाज व नई तकनीकों पर विशेषज्ञ मंथन करेंगे। 4-5 अक्टूबर ताज होटल एंड कन्वेंशन सेंटर, फतेहाबाद रोड पर दो दिवसीय एंडो रोबो गाइनी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

# आकर्षक झांकियों संग निकली देवी शशिबाला की शोभायात्रा

एनएनआई

■ पुष्प वर्षा व चुनरी पहनाकर हुआ स्वागत
■ शोभायात्रा देखने को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़
■ भारत माता की झांकी रही आकर्षण का केन्द्र



**आगरा।** ढोल-ताशों पर देवी मां के भक्तियम संगीत पर झूमते गाते श्रद्धालुओं के मन में श्रद्धा भाव को बढ़ाती देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां। माता के दर्शन और आशीर्वाद को ललायित सैकड़ों भक्तजन। भक्तिमय उत्साह व उमंग के साथ श्री शक्ति भजन मण्डल द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में देवी शशिबाला जी की शोभायात्रा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. आलौकिक उपाध्याय (कैबिनेट मंत्री के पुत्र) ने भक्तजनों संग देवी मां की आरती कर किया।

संगीता सिनेमा चौराहे से प्रारम्भ शोभायात्रा में बैंड बाजों और ढोल नगाड़ों संग सर्वप्रथम विध्नविनाशक श्रीगणपति की झांकी थी। राधा-कृष्ण, शिव पार्वती, लक्ष्मी-नारायण, गौमाता का दूध पीते कन्हैया, बजरंग बली, खाटू नरेश सहित देवी देवताओं की 31 आकर्षक झांकियों के संग शोभायात्रा का जगह-जगह आरती कर, देवी मां की प्रतिमा को चुनरी पहनाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भारत माता की झांकी भक्तजनों में आकर्षण का केन्द्र रही। अंत में देवी शशि बाला की झांकी थीं। भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। भोगीपुरा, रुई की मंडी, शाहगंज चौराहा, नौबस्ता चौराहा, लोहामंडी बाजार, राजामंडी बाजार, एमजी रोड, नालबंद चौराहा, पंचकुईयां चौराहा से होते हुए चिल्लीपाड़ा शाहगंज पहुंची, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। इसके उपरान्त श्रद्धालुओं द्वारा भक्तिभाव से मंदिर में ज्योति प्रचंड (जगराता) व भगवती का गुणगान (कीर्तन) किया गया। शोभायात्रा का संचालन हर्ष ढालिया ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संजय अग्रवाल, सुनील करमचंदानी, धनश्याम हेमलानी, हेमन्त भोजवानी, गौरव, शैलू भाई, ललित शर्मा, सुन्दरलाल, अशोक, अंकित, योगी, गुलशन, विनोद, मोहन सिंह, सुनील, रेनू, एकता, बीनू, कन्चन, पूजा आदि उपस्थित थे।



## महानवमी पर आईटी डॉट कॉम पर किया गया भंडारा

**आगरा** एनएनआई। महानवमी के अवसर पर हर वर्ष की भांति आईटी डॉट पॉइंट खंदारी पर भंडारे का आयोजन किया गया। आईटी प्वाइंट के डायरेक्टर एडवोकेट राम शर्मा ने बताया कि विगत दो दशकों से आईटी प्वाइंट शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को प्रशिक्षित कर अग्रसर कर रहा है। संस्थान की स्थापना दिवस के अवसर पर हर वर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें हजारों भक्त एकत्रित होते हैं। कार्यक्रम में भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता,भाजपा नेता नितेश शिवहरे,भाजपा नेता नागेश पंडित, बृजेश शर्मा एडवोकेट मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता सेल्फ फाइनेंस कॉलेज एसोसिएशन आगरा विश्वविद्यालय आगरा विश्वविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष गौरव शर्मा, रविकांत शर्मा ,राहुल भारद्वाज सचिन तिवारी मनोज शर्मा अपूर्व शर्मा रामपाल यादव संस्थान की सह निदेशक श्रेया सिंह शर्मा एवं संस्थान के छात्र-छात्रा उपस्थित रहे।

## हवन व कन्या पूजन कर मनायी महानवमी

एनएनआई




**आगरा।** मां दुर्गा की स्वरूपा कन्याओं के पैर पूजकर उन्हें चुनरी पहनाई। भोजन करवाया और उपहार दिए। पैर छूकर आशीर्वाद लेने के साथ संदेश था कि महिलाओं का सम्मान करें। जहां स्त्री को पूजा जाता है, लक्ष्मी का वास वहीं होता है। आज तोता का ताल स्थित मां भगवती सेवा मण्डल द्वारा सजे मां दुर्गा के पण्डाल में नवमी के उपलक्ष्य में कन्या पूजन किया गया।

प्रातः हवन के साथ विधि विधान से पूजन हुआ। कन्या पूजन में भक्तों ने कन्यों के पैर पूजे और उन्हें प्रसाद व उपहार दिए। इस अवसर पर पण्डाल को मां दुर्गा की आकर्षक झांकियों से भी सजाया गया। सुबह मंगला आरती के साथ ही प्रतिदिन पण्डाल में भक्ति भाव का गंगा में हर भक्त डुबकी लगा रहा है। संध्या काल में ढोलक मंजीरों संग भक्त मां दुर्गा की भेंट गाएंगे। दो अक्टूबर को भण्डारा व 3 अक्टूबर को सुंदरकाण्ड पाठ के साथ 12 दिवसीय उत्सव का समापन होगा। 4 अक्टूबर को विसर्जन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुकेश, आकाश, मनीष, दिनेश कुशवाह, विष्णु, पार्षद विक्रांत कुशवाह, पार्षद अमित पटेल, पिंकी, रिया, सुमन, रूबी आदि उपस्थित थीं।

## दुर्गा मंदिर, नामनेर पर लगे दिव्य 56 भोग

**आगरा** एनएनआई। प्राचीन दुर्गा मंदिर नामनेर में नवरात्रि के पावन अवसर पर दुर्गा मां को छप्पन भोग का आयोजन किया गया है। मंदिर के माँ के चरण सेवक ब्रजेश अग्रवाल ने बताया है कि छप्पन भोग विशेष रूप से विशेषज्ञ हलवाइयों द्वारा पारस रूप से पूर्ण शुद्धता ओर शुचिता के साथ परंपरागत रूप से विगत कई वर्षों से तैयार कर भोग लगाया जाता है। मंदिर प्रबंधक सतीश शर्मा एवं ब्रजेश पंडित ने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने दिव्य छप्पन भोग के दर्शन किये।सभी भक्तजनों से अनुरोध है कि सभी भक्त छप्पन भोग के प्रसाद को ग्रहण करें एवं माँ का आशीर्वाद प्राप्त करें।



## डांडिया नाइट में जमकर झूमे बच्चे, पेरेंट्स और शिक्षक



एनएनआई

**आगरा।** होली पब्लिक जूनियर कॉलेज में भव्य डांडिया नाइट ने छात्रों, अभिभावकों और अतिथियों को उत्साह और आनंद से भर दिया। ड्रीम इवेंट्स के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में रंग-बिरंगी रोशनी, पारंपरिक परिधान और मधुर संगीत की धुनों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत चेयरमैन संजय तोमर, प्रशासक श्रेयांक तोमर, गेस्ट ऑफ हॉनर नरेंद्र पाल और प्रधानाचार्य सोनिका चौहान द्वारा संयुक्त रूप से मां दुर्गा के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। इसके पश्चात होली पब्लिक की सारी यूनिटों के छात्रों, अभिभावकों और अतिथियों ने गरबा और डांडिया की ताल पर झूमकर वातावरण को उल्लास और उत्साह से भर दिया।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष भूमिका निभाने वाले ड्रीम इवेंट्स के आयोजक सौरभ निमल ने सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया।

## रेलवे ने स्वच्छता को लेकर यात्रियों को किया जागरूक

**आगरा** एनएनआई। स्वच्छ भारत मिशन को गति प्रदान करने एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान को सफल बनाने के लिए आगरा रेलवे मंडल में सामूहिक स्वच्छता शपथ और यात्रियों को जागरूक किया गया। स्टेशन निदेशक आगरा कैंट संतोष कुमार त्रिपाठी व स्टेशन निदेशक मथुरा एन पी सिंह के नेतृत्व में स्टेशन को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता विषय पर सेल्फी बूथ लगाकर कर यात्रियों को जागरूक किया। रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ-साथ सफाई कर्मचारियों को भी स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस गतिविधि के माध्यम से युवाओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया, कचरा इधर-उधर न फैलाएँ, हमेशा डस्टबिन का उपयोग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। छोटी-सी आदतें जैसे पॉलिथीन का कम प्रयोग करना या गंदगी को उठाकर कूड़ेदान में डालना बड़ा बदलाव ला सकती हैं।









# बटेश्वर में देवी प्रतिमा विसर्जन को उमड़े श्रद्धालु, खूब उड़ा अबीर और गुलाल

**बाह एनएनआई।** शारदीय नवरात्र के समापन पर बुधवार को बटेश्वर में देवी प्रतिमा विसर्जन के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। विसर्जन यात्राओं में डीजे पर बजती देवी के भजनों की धुन पर भक्त जमकर झूमे, खूब अबीर और गुलाल उड़ा। पुलिस के पहरे में मंदिर श्रंखला के पार्श्व में खोदे गये अस्थाई कुंड में प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। बाह तहसील के गांवों के अलावा फिरोजाबाद, शिकोहाबाद, इटावा, आगरा, धौलपुर, सिरसागंज तक के देवी भक्त प्रतिमा विसर्जन के लिए बटेश्वर पहुंचे। कुछ श्रद्धालुओं ने चोरी छिपे बटेश्वर के घाट पर यमुना नदी में भी प्रतिमाओं का विसर्जन किया। प्रतिमा विसर्जन के बाद भक्तों ने गौरीशंकर मंदिर में शिव पार्वती को पूज कर अपनी तथा परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। एसीपी बाह रामप्रवेश गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस बल मुस्तैद रहा।

# पिनाहट रामलीला लक्ष्मण शक्ति और कुंभकर्ण वध का मंचन

एनएनआई



**पिनाहट।** कस्बे की ऐतिहासिक रामलीला में बुधवार को लक्ष्मण शक्ति और कुंभकरण वध की लीला का सुंदर मंचन हुआ।लक्ष्मण शक्ति और कुंभकरण वध की लीला को देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला मैदान पर पहुंचे।और कुंभकरण का वध होते ही रामलीला मैदान में जय श्री राम के नारे लगने लगे। जानकारी के अनुसार बुधवार को पिनाहट कस्बे की ऐतिहासिक रामलीला में लक्ष्मण शक्ति और कुंभकरण वध की लीला का सुंदर मंचन होता है। राम और रावण की सेना के बीच युद्ध होता है। जिसमें मेघनाथ की ब्रह्म शक्ति लक्ष्मण को लग जाती है।जिससे वह मूर्छित हो जाते है। संजीवन बूटी की आ जाने पर वह जीवित हो जाते हैं इसके बाद कुंभकरण वध की लीला का मंचन होता है।जिसमें राम और कुंभकरण के बीच भयंकर युद्ध होता है।जिसमें राम कुंभकरण का वध कर देते है। जिसके बाद रामलीला मैदान में जय श्री राम के नारे लगने लगते हैं।चारों तरफ आतिशबाजी होती है। वही रामलीला कमेटी अध्यक्ष नवीन पाराशर ने बताया गुरुवार को रावण और अहिरावण वध की लीला का सुंदर मंचन किया जाएगा

इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष नवीन पाराशर, व्यास ब्रह्मानंद पाठक, रामनिवास शर्मा, मनोज तिवारी, श्यामसुंदर महेरे, श्याम सिंह परिहार, श्यामसुंदर महेरे, विश्वनाथ कन्हुआ, महावीर ओझा, रामदत्त शर्मा, धर्मेन्द्र गोस्वामी, विनोद अरेला,, अमन पाराशर, सहित सैकड़ों की संख्या में दूर-दराज के ग्रामीण मौजूद रहे।



# शक्ति की भक्ति में डूबा थाना खेड़ा राठौर

एनएनआई

**जैतपुर।** नवदुर्गा के आखिरी दिन पूरा देश बुधवार को माता की आस्था में डूबा रहा। शहरों से लेकर गांव देहात के बाजारों में माता के मंदिर और पंडालों में माता के भक्तों की भीड़ लगी रही। इसी क्रम में बुधवार को जैतपुर क्षेत्र के थाना खेड़ा राठौर के परिसर में कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसादी ग्रहण कराई गई।

नवरात्री के आखिरी दिन खेड़ा राठौर थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने बुधवार की सुबह आसपास क्षेत्र की छोटी-छोटी कन्याओं को थाना परिसर में बुलाकर उनका विधि विधान से पूजन किया और उन्हें भोजन कराकर आशीर्वाद लिया। कन्या पूजन के दौरान पूरा थाना परिसर का माहौल दुर्गा मां की आस्था में डूबा रहा वहीं थाना अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय लोगों को महिलाओं एवं स्त्रियों के प्रति सम्मान की भावना रखते की बात कही।

# यूनिवर्सिटी मॉडल में मनाई गांधी जी और शास्त्री जी की जयंती



**आगरा एनएनआई।** डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के स्वामी विवेकानन्द परिसर स्थित, यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल में गाँधी एवं शास्त्री जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के सचिव प्रो रजनीश कुमार अग्निहोत्री जी एवं प्रधानाचार्य सौरभनिषाद ने महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने सभी को गाँधी जयंती समारोह की शुभकामनायें दीं तथा विद्यार्थियों को महात्मा गाँधी के आदर्शों एवं विचारों पर चलने के लिये प्रेरित किया। भारत स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत विद्यालय में पूरे अक्टूबर माह को स्वच्छता माह के अन्तर्गत स्वच्छता अभियान के रूप में मनाये जाने की घोषणा की। एिक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत सभी उपस्थित घटकों ने पौधारोपण भी किया।

# गांधी-शास्त्री जयंती पर छात्राओं ने दी प्रस्तुतियां

**आगरा एनएनआई।** राजकीय शिशु प्रशिक्षण महाविद्यालय (सीटी) आगरा में गांधी जयंती एवं शास्त्री जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्राओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा भाषण, कविता पाठ और अन्य प्रस्तुतियाँ दी गईं। सीटी नर्सरी की



छात्राओं ने विशेष आकर्षण के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी के जीवन मूल्यों पर आधारित प्रस्तुतियाँ दीं। इसके अलावा सर्वधर्म सभा का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी धर्मों के संदेशों को साझा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डाइट प्रवक्ता सनत कुमार आर्य एवं ऋचा पंडित उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की और कहा कि गांधीजी और शास्त्रीजी के आदर्श आज भी समाज को नई दिशा देने में प्रासंगिक हैं।

## संपादकीय

# क्रिकेट-राष्ट्रवाद आस्था या सुविधा

यूएई में हुआ एशिया कप क्रिकेट टूर्नामें खेल से इतर बातों के लिए ज्यादा याद रखा जाएगा। एशिया कप क्रिकेट टूनामेंट जितनी कड़वाहट के साथ शुरू हुआ था, उससे भी ज्यादा कड़वाहट छोड़कर खत्म हो गया।टूर्नामेंट की पहली गेंद फेंके जाने से पहले तनाव बढ़ना शुरू हो गया था। जब माहौल इस कदर कटुता से भरा हो, तो उसका असर दिखते देर नहीं लगती।दुर्भाग्य से एशियन क्रिकेट काउंसिल ने पूरे मामले को बहुत ही लापरवाही और गैर पेशेवर ढंग से लिया और प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी इस लापरवाही का चरम थी। एसीसी की कमान इस समय पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के पास है। बतौर एसीसी प्रमुख, यह उनकी जिम्मेदारी थी कि आयोजन सफलतापूर्वक खत्म होता, लेकिन उन्होंने ही उसमें अड़ंगा लगा दिया। क्रिकेट इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि कोई पदाधिकारी ट्रॉफी लेकर चला गया हो और चैंपियन टीम खाली हाथ रहे। पहली बार ऐसा हुआ कि एसीसी प्रमुख भी उसमें पार्टी बन गए। नकवी यह भूल गए कि इस इवेंट में उनकी भूमिका केवल पीसीबी चीफ की नहीं है। यहां भारतीय खिलाड़ियों के कंधों पर अपनी सरकार और क्रिकेट बोर्ड की डगमगाहट को संभालने का बोझ भी डाल दिया गया था। भारत-और पाकिस्तान युद्धरत हैं।

प्रधानमंत्री की घोषणा के मुताबिक ऑपरेशन सिंदूर को सिर्फ विराम दिया गया है, तकनीकी रूप से वह अभी भी जारी है। बीसीसीआई ने एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ मैचों में भाग लेने का फैसला किया और केंद्र ने इसकी मंजूरी दी। नतीजतन, कप्तान सूर्य कुमार यादव पर टीम का नेतृत्व करने के साथ-साथ पाकिस्तानी कप्तान से हाथ ना मिलाने और उनकी ओर ना देखने जैसी हालात करने की जिम्मेदारी भी आ गई! पानी और खून एक साथ नहीं बह सकता और गोली व वार्ता साथ साथ नहीं चल सकती जैसे भारी भरकम बयानों से लेकर आमने सामने का मैच खेलने तक और उसके बाद उनके कप्तान से हाथ नहीं मिलाने, जीत पहलगाम के बदनसीब लोगों को समर्पित करने से लेकर उनके हाथ से ट्रॉफी नहीं लेने तक की नौटंकी में हिप्पोक्रेसी साफ दिखती है। दर्दनाक यह था कि ऐसे मैच हमारे खिलाड़ियों पर थोपे गए, जिन्हें आसानी से टाला जा सकता था। और उन्हें असंवेदनशील और असंयमी दिखना पड़ा। सब इसलिए क्योंकि राष्ट्रगौरव, सैनिकों के बलिदान और पहलगाम में खुलेआम मारे गए निर्दोषों से भी बड़ा पैसा और कमाई है। इसी क्रम में ग्रुप मैच में पाकिस्तान पर भारत की जीत को उन्होंने भारत के सशस्त्र बलों को समर्पित किया, जिसके बदले आईसीसी ने उन पर जुमार्ना तक लगाया है।चंद हफ़्ते पहले यही दुश्मन क्रिकेट मैदान पर काबिल-ए-कबूल हो गया। क्योंकि भारतझपाकिस्तान से ज्यादा बिकता कुछ नहीं। आज के दौर में जहाँ सिर्फ पैसा बोलता है तो राष्ट्रवाद को गिरवी रखा जा सकता है। यहाँ राष्ट्रवाद आस्था नहीं, सुविधा है। दो हफ्ते पहले जब इस टूनार्मेंट की शुरूआत हुई तो भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्य कुमार यादव ने आगे बढ़ कर मोहसिन नकवी से हाथ मिलाया लेकिन टूनार्मेंट खत्म होने पर उनके हाथ से ट्रॉफी नहीं ली! पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद पाकिस्तान से खेलने की बुद्धिमानी पर सवाल उठाने के बजाय क्रिकेट स्कोर को ही राष्ट्रीय विजय जुलूस बना दिया। जीत को खेल की सफलता नहीं, पाकिस्तान पर करारा जवाब बताकर पेश किया गया। क्या यही नया राष्ट्रवाद है? एक ऐसा राष्ट्रवाद जो जरूरत के मुताबिक झुकता है। जो तमाशा बनता है जब लाभ हो, और चुप्पी साध लेता है जब पोल खुलने लगे। ऐसा राष्ट्रवाद जो बलिदान से नहीं, आज्ञाकारिता से मापा जाता है। पहले मैच यानी 14 सितंबर वाले रविवार लेकर 28 सितंबर तक के रविवार में क्या बदल गया? क्या पाकिस्तान सुधर गया? क्या उसने पहलगाम कांड के मास्टरमाइंड को भारत को सौंप दिया? क्या उसने आतंकवाद के ठिकाने बंद कर दिए? क्या उसने भारत विरोध समाप्त कर दिया?इन सभी सवालों का जवाब नकारात्मक है। उलटे इन 14 दिनों में पाकिस्तान का भारत विरोध ज्यादा खुल कर दिखाई दिया। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र संघ महासभा के मंच पर खड़े होकर कहा कि भारत हमारा दुश्मन है। शरीफ ने महासभा के मंच से कहा कि हाल के संघर्ष में पाकिस्तान ने भारत को हरा दिया। लेकिन दुर्भाग्य से उसी समय भारत की क्रिकेट टीम पाकिस्तान के साथ मैच खेलने की तैयारी कर रही थी। जब माहौल ऐसा है, तो आखिर पाकिस्तान से खेलने की मजबूरी क्या है?





# भारत के इन 10 जगहों पर बेहद खास अंदाज में मनाया जाता है दशहरा

भारत में हिंदू दशहरा बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाते हैं। यह भारत के सबसे बड़े अक्टूबर उत्सवों में से एक है। यह उत्सव बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दस दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में मेले और रामलीला शामिल हैं – रामायण के दृश्यों का नाट्य रूपांतरण। दसवें दिन रावण दहन का दृश्य दिखाया जाता है।

**भारत में दशहरा मनाने के 10 स्थान**

यहाँ भारत के कुछ खूबसूरत स्थानों के बारे में बताया गया है जहाँ आप दशहरा के भव्य उत्सव का आनंद ले सकते हैं। यहाँ आने के और भी कई कारण हैं क्योंकि देश के कई हिस्सों में यह उत्सव बेहद खास और अनोखा होता है। इसलिए, यहाँ आपको भारत के उत्तर से दक्षिण तक की सभी जरूरी जानकारी मिल जाएगी।

**1. कुल्लू**

यह सुनने में भले ही आश्चर्यजनक लगे, लेकिन कुल्लू दशहरा दुनिया भर के असाधारण आयोजनों की तलाश में आने वाले पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हो गया है। दशहरा पर्यटन के लिए सबसे अच्छे स्थलों में से एक कुल्लू है। कुल्लू में होने वाले उत्सव, भारत के लिए भी, थोड़े अपरंपरागत होते हैं, क्योंकि यह उस समय शुरू होता है जब दूसरे राज्यों के उत्सव मनाने वाले अपने दस दिवसीय उत्सवों के लिए निकल रहे होते हैं। कुल्लू में दशहरे के दसवें दिन से शुरू होकर एक हफ़्ते तक उत्सव मनाया जाता है। पूरे भारत में सबसे शानदार दशहरा उत्सव देखने के लिए कुल्लू जाएँ। यह उत्तर भारत में दशहरा मनाने के कई तरीकों में से एक है।

**2. अल्मोड़ा**

अल्मोड़ा में दशहरा का उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया जाता है। शहरवासी रामायण के राक्षसों से बदला लेते हैं। रामायण के सभी खलनायकों और खलनायकों की मूर्तियाँ गाँव वाले बनाते हैं और उनकी परेड निकालते हैं। दशहरे के दौरान घूमने की अपनी सूची में अल्मोड़ा को जरूर शामिल करना चाहिए क्योंकि यह सबसे शानदार जगहों में से एक है। परेड का समापन एक खुले मैदान में स्मारकों को राख में बदलने के साथ होता है। लोग रावण के पूरे वंश द्वारा दी गई बलि को जला देते हैं। बैंड-बाजे और सजावट के साथ सैकड़ों लोगों को जुलूस में देखना एक अद्भुत नजारा होता है।

**3. दिल्ली**

दिल्ली के दशहरे उत्सव की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे पूरे शहर से देखा जा सकता है। रामलीला के



प्रदर्शन, जो मुख्यतः रामलीला मैदान और लाल किले में होते हैं, उत्सव का चरमोत्कर्ष होते हैं। ये नाटक दस दिनों तक रामायण का मंचन करते हैं, जिसमें अंतिम दिन भगवान राम रावण का वध करते हैं। भारत में दशहरा उत्सव एक ऐसा समय होता है जब बड़ी संख्या में रंगकर्मी अपने प्रदर्शनों में भाग लेते हैं और दर्शकों को आनंदित करते हैं।

**4. वाराणसी**

भारत के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्रों में से एक, वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। वर्षों से, इस शहर ने अपनी परंपराओं को कायम रखा है। यहाँ 200 से भी ज्यादा वर्षों से चली आ रही सबसे प्राचीन रामलीलाएँ देखने को मिलती हैं। हर साल, पूरे एक महीने तक रामलीला का मंचन किया जाता है। इसकी शुरूआत भगवान राम के जन्म से होती है और समापन राक्षसराज रावण के वध के साथ होता है।

**5. कोटा**

कोटा का दशहरा मेला पारंपरिक आकर्षण को बखूबी दर्शाता है। इस विशाल मेले के साथ-साथ शिल्पकार, सांस्कृतिक कलाकार और ऐसे कार्यक्रम भी होते हैं जो आपको ग्रामीण भारत के हृदय में ले जाते हैं। भगवान की पूजा करने के लिए, शहर भर के ग्रामीण पारंपरिक वेशभूषा में आते हैं। और अंत में, रावण के पुतलों के दहन के साथ ही यह समारोह समाप्त होता है। चंबल नदी पर आयोजित होने वाला कोटा एडवेंचर फेस्टिवल, मेले के बगल में ही स्थित है। आप इस त्योहार को देखने के अपने रास्ते में कोटा के आस-पास के कुछ बेहतरीन स्थानों की भी खोज कर सकते हैं।

**6. कोलकाता**

यह वह मौसम है जब "बुराई पर अच्छाई की जीत" होती है, और कोलकाता उत्सवों, व्यंजनों, संगीत और नृत्य से जीवंत हो उठता है। कोलकाता में, दुर्गा पूजा, जिसे दुर्गा पूजा भी कहा जाता है, सभी त्योहारों की जननी है। दशहरे के साथ होने वाले ये उत्सव असाधारण होते हैं। शानदार रोशनी, बंगाली संस्कृति और सभी अलंकृत पैनलों को देखें। इस अवसर का उत्सव अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि बंगाली परंपरा में, यह सभी बाधाओं को पार करता है। इसीलिए, जब आप भारत में दशहरा उत्सव देखते हैं, तो आपको विशाल जनसमूह, हजारों लोग और हर जगह चमक-दमक दिखाई देगी।

**7. बस्तर**

छत्तीसगढ़ के बस्तर में भारतीय दशहरा एक अनोखे और अनोखे अंदाज में मनाते हैं। हालाँकि इस इलाके में इसका बहुत महत्व है, लेकिन इसका भगवान राम की विजयी घर वापसी से कोई लेना-देना नहीं है। बस्तर में दशहरा स्थानीय देवी के सम्मान में मनाया जाता है। 75 दिनों तक चलने वाला यह त्योहार दुनिया के सबसे लंबे त्योहारों में से एक है। अगर आप इस मौसम में रायपुर आ रहे हैं, तो यह वहाँ करने के लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक है।

**8. कूर्ग**

दशहरा उत्सव के दौरान यात्रियों के लिए घूमने के लिए एक और पसंदीदा जगह है कूर्ग, जो दक्षिण भारत के सबसे बेहतरीन हिल स्टेशनों में से एक है। यह उत्सव, जिसे मदिकेरी दशहरा भी कहा जाता है, पारंपरिक और औपचारिक करगा लोक नृत्यों के साथ शुरू होता है। इस अनुष्ठान में पांडवों की पत्नी, देवी द्रौपदी का सम्मान किया जाता है। अंतिम दिन के सम्मान में, यह उत्सव नौवें दिन पूरी रात चलता है। 100 साल पुराना मदिकेरी दशहरा अनुष्ठान स्थानीय निवासियों द्वारा मनाया जाता है, जिसकी तैयारी तीन महीने पहले से शुरू हो जाती है।

**9. मैसूर**

कर्नाटक, मैसूर का राजकीय उत्सव "नदहब्बा" कहलाता है। भारत में, दशहरा एक प्रसिद्ध त्योहार है जो 400 वर्षों से मनाया जा रहा है। यह उत्सव देवी चामुंडेश्वरी की राक्षस महिषासुर पर विजय के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह उत्सव दस दिनों तक चलता है, जो नवरात्रि के पहले दिन से शुरू होकर दसवें दिन समाप्त होता है, जब एक शाही जुलूस में देवी की मूर्ति को एक सुसज्जित हाथी पर रखकर पूजा की जाती है। मैसूर के दशहरे के प्रमुख आकर्षण महल की रोशनी और राजपरिवार की भागीदारी हैं। आपने भारत में इससे बड़ा दशहरा मेला कभी नहीं देखा होगा।

**10. कुलसेकरपट्टिनम**

तमिलनाडु के थूथुकुडी जिले के कुलसेकरपट्टिनम नामक एक अल्पज्ञात गाँव में, दशहरा एक अनोखे तरीके से मनाया जाता है। कुलसाई दशहरा नामक यह उत्सव लगभग 300 साल पुराने मुथारम्मन मंदिर में मनाया जाता है, जो देवी काली को समर्पित है। इस उत्सव के दौरान, तीर्थयात्री और अनुयायी अपने पसंदीदा देवी-देवताओं की वेशभूषा धारण करते हैं।



# एयर होस्टेस बनना चाहती थीं हिना खान, आज हैं करोड़ों की मालकिन

टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में 'अक्षरा' के किरदार से मशहूर हुई अभिनेत्री हिना खान ने छोटे पर्दे से शुरूआत कर आज इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बना ली है। कभी एयर होस्टेस बनने का सपना देखने वाली हिना आज 55 करोड़ (555 मिलियन) की संपत्ति की मालकिन हैं। 2 अक्टूबर को अपना 38वां जन्मदिन मना रहीं हिना ने एक्टिंग में करियर बनाने की कभी योजना नहीं बनाई थी। उन्होंने पहले पत्रकारिता की पढ़ाई की और बाद में एक्टिंग में कदम रखा। एयर होस्टेस की ट्रेनिंग लेने के दौरान ही उन्हें ये रिश्ता क्या कहलाता है" के लिए ऑडिशन का मौका मिला और वहीं से उनके करियर की शुरूआत हुई। हिना ने स्वीकार किया कि अपने सांवले रंग के कारण उन्हें कई बार रिजेक्शन का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। इसके बाद उन्होंने 'बिग बॉस 11', 'खतरों के खिलाड़ी 8', 'कसौटी ज़िंदगी की 2' जैसे रियलिटी और डेली शोज में भाग लिया। साथ ही, हैक्ड, विश लिस्ट और अनलॉक्ड जैसी फिल्मों में भी अभिनय किया। हिना खान न सिर्फ एक सफल टीवी अभिनेत्री हैं, बल्कि अब वे डिजिटल और फिल्मों की दुनिया में भी लगातार सक्रिय हैं। उनकी सफलता इस बात का प्रमाण है कि संघर्ष और आत्मविश्वास से हर सपना पूरा किया जा सकता है।



# संघर्ष से सफलता तक

## जयदीप अहलावत की प्रेरणादायक कहानी

'पाताल लोक' और 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' जैसी दमदार प्रस्तुतियों में अभिनय से पहचान बनाने वाले अभिनेता जयदीप अहलावत ने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी संघर्ष भरी यात्रा साझा की। हरियाणा के एक छोटे शहर से बॉलीवुड तक के उनके सफर ने हजारों युवाओं को प्रेरित किया है। जयदीप का जन्म रोहतक, हरियाणा के एक मध्यमवर्गीय परिवार में हुआ। पहले उनका सपना भारतीय सेना में जाने का था और उन्होंने कई बार प्रयास भी किए, लेकिन असफलता हाथ लगी। इसके बाद उन्होंने थिएटर की ओर रुख किया और एफटीआईआई, पुणे से अभिनय की पढ़ाई की। उन्होंने बताया कि मुंबई आने के बाद भारी आर्थिक संघर्ष, लगातार रिजेक्शन और कई रातें बिना खाना खाए बितानी पड़ीं। इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। जयदीप को पहला ब्रेक फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से मिला, लेकिन असली पहचान मिली वेब सीरीज पाताल लोक से, जिसमें उन्होंने हाथीराम चौधरी नामक पुलिस अफसर की भूमिका निभाई। इस किरदार ने उन्हें दर्शकों और समीक्षकों दोनों से खूब सराहना दिलाई और कई पुरस्कार भी मिले। आज भी जयदीप खुद को जमीन से जुड़ा हुआ इंसान मानते हैं और कहते हैं, जो कुछ मिला है, वो मेहनत और सब्र का फल है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, अगर आप किसी सपने को सच्चे दिल से चाहते हैं, तो कोई ताकत उसे आपसे नहीं छीन सकती।

# टाइगर श्रॉफ करेंगे हॉलीवुड डेब्यू, स्टेलोन और टोनी जा संग करेंगे एक्शन का धमाका

**मुंबई।** बॉलीवुड के यंग एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ जल्द ही हॉलीवुड में धमाकेदार एंट्री करने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, टाइगर एक आगामी वैश्विक एक्शन फिल्म में नजर आएंगे, जिसमें उनके साथ होंगे हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन और थाई मार्शल आर्ट लीजेंड टोनी जा। यह फिल्म Amazon MGM Studios द्वारा निर्मित की जा रही है और इसे बहुभाषी रूप में पेश किया जाएगा। यह पहली बार होगा जब तीनों अंतरराष्ट्रीय एक्शन सितारे एक ही फिल्म में साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म में हॉलीवुड स्टाइल एक्शन को एशियाई मार्शल आर्ट्स की तीव्रता और ऊर्जा के साथ मिलाकर पेश किया जाएगा। इसे एक बड़े स्तर के एक्शन तमाशे के रूप में डिजाइन किया गया है। गौरतलब है कि 2017 में टाइगर श्रॉफ को स्टेलोन की मशहूर फिल्म रेंबो के हिंदी रीमेक में कास्ट किया गया था, लेकिन वह प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पाया। टाइगर श्रॉफ स्टेलोन के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। स्टेलोन उनके एक्शन करियर के आदर्शों में से एक रहे हैं। वहीं, स्टेलोन के लिए यह भारतीय सिनेमा से जुड़ी पहली पूर्ण लंबाई की फिल्म होगी। इससे पहले वे 2009 में अक्षय कुमार की फिल्म कम्बख्त इश्क में एक छोटा कैमियो कर चुके हैं। टाइगर को हाल ही में फिल्म बागी 4 में देखा गया था, जिसमें उनके साथ संजय दत्त, हरनाज संधू, सोनम बाजवा और श्रेयस तलपड़े जैसे कलाकार शामिल थे।



विमेंस वर्ल्ड कप

# ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 89 रन से हराया

## एश्ले गार्डनर का शतक, न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन की सेंचुरी



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया ने विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड को 89 रन से हरा दिया। इंदौर के होलकर स्टेडियम में बुधवार को ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 49.3 ओवर में 326 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 43.2 में 237 रन पर ऑलआउट हो गई। एश्ले गार्डनर ने शतक लगाया ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर ने शतक लगाया। उन्होंने 83 बॉल पर 115 रन बनाए। उनकी पारी में 16 चौके और एक सिक्स शामिल रहा। उनके अलावा फोएबे लिचफील्ड 45, किम गर्थ 38, एलिस पैरी 33, ताहलिया मैक्ग्रा 26, कप्तान एलिसा हीली 19, सोफी मोलीन्युक्स 14, बेथ मूनी 12, एनाबेल सदरलैंड 5 और अलाना किंग ने 4 रन बनाए। डार्सी ब्राउन 1 र बनाकर नाबाद लौटीं। न्यूजीलैंड की ओर से ली ताहुहु और जेस केर ने 3-3 विकेट झटके। एमेलिया केर और ब्री इलिंग ने 2-2 विकेट लिए। सोफी डिवाइन का शतक न्यूजीलैंड को पहला झटका पहले ओवर की पहली बॉल पर लगा। ओपनर जॉर्जिया प्लिमर टीम के 1 रन के स्कोर पर आउट हुईं। जॉर्जिया खाता भी नहीं खोल सकीं। टीम को दूसरा झटका दूसरे ओवर में लगा। अब सूजी बेट्स शून्य पर आउट हो गईं। कप्तान सोफी डिवाइन ने शतक लगाया। उन्होंने 111 रन की पारी में 12 चौके और 3 छक्के लगाए। उनके अलावा टीम के लिए एमेलिया केर 33, इसाबेला गेज और ब्रुक हॉलिडे ने 28-28 और मैडी ग्रीन 20 रन बनाए। टीम के अन्य खिलाड़ी दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। ऑस्ट्रेलिया के लिए सोफी मोलीन्युक्स और एनाबेल सदरलैंड ने 3-3 विकेट लिए। अलाना किंग को 2 विकेट मिला। न्यूजीलैंड के दो खिलाड़ी रन आउट हुए।

### भारतीय टीम पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाएगी

**एशिया कप में मेंस टीम ने ऐसा किया था, 5 अक्टूबर को कोलंबो में मुकाबला**

नई दिल्ली। वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय विमेंस टीम की खिलाड़ी भी पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाएंगी। यह जानकारी बीसीसीआई के एक अधिकारी ने दी है। उन्होंने बताया कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड सरकार के साथ पूरी तरह से तालमेल में है। विमेंस मैच में भी टॉस पर कोई हैंडशेक नहीं होगा। साथ ही मैच रेफरी के साथ कोई फोटो-शूट नहीं होगा और खेल खत्म होने के बाद भी कोई हैंडशेक नहीं होगा। इंडियन विमेंस टीम 5 अक्टूबर को कोलंबो में पाकिस्तानी विमेंस के साथ मैच खेलने उतरेगी। एशिया कप में भारत की मेंस टीम ने पाकिस्तान से 3 मैच खेले और तीनों जीते, लेकिन एक भी मैच में टीम ने पाकिस्तानी प्लेयर्स से हाथ नहीं मिलाया।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 58 रन से हराया

## यूथ टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई

दीपेंश ने झटके 8 विकेट, वैभव-वेदांत की सेंचुरी



**नई दिल्ली।** ब्रिस्बेन में खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट में इंडिया अंडर-19 ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को पारी और 57 रन से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। इसके साथ ही दो मैचों की सीरीज में भारत को 1-0 की बढ़त हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी 8/1 से आगे बढ़ाते हुए सिर्फ 127 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले उसने पहली पारी में 243 रन बनाए थे। जवाब में भारत ने 428 रन बनाए और 185 रन की बढ़त हासिल की थी।

भारत की जीत के हीरो दीपेश द्रेवेंद्रन, वैभव सूर्यवंशी और वेदांत त्रिवेदी रहे। दीपेश ने मैच में कुल 8 विकेट लिए। पहली पारी में 5 और दूसरी पारी में 3। वहीं वैभव और वेदांत ने पहली पारी में शतक जमाया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से आर्यन शर्मा ने दूसरी पारी में सबसे ज्यादा 43 रन बनाए दूसरे दिन स्टंप्स तक ऑस्ट्रेलिया-ए ने दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 8 रन बनाए थे। एलेक्स टर्नर 6 और स्टीवन होगन एक रन बनाकर नाबाद लौटे थे। तीसरे दिन खेल आगे बढ़ा तो ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ 2 रन जोड़ने के बाद दूसरा विकेट गंवा दिया। इसके बाद 24 रन पर तीसरा विकेट भी गिर गया, जब एलेक्स टर्नर आउट होकर लौटे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से आर्यन शर्मा ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए, जबकि विल मालाजचुक ने 22 और हेडन शिलर ने 16 रन का योगदान दिया। भारत की ओर से दीपेश द्रेवेंद्रन और खिलन पटेल ने 3-3 विकेट लिए। किशन कुमार और अलमोलजीत सिंह को 2-2 विकेट मिले। दीपेश ने पहली पारी में 5 विकेट लिए थे।

### वैभव ने 78 बॉल में जमाई थी सेंचुरी

वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 78 गेंदों में शतक पूरा किया। उन्होंने 86 गेंदों पर 113 रन की पारी खेली, जिसमें 9 चौके और 8 छक्के शामिल थे। यानी उनके 113 में से 84 रन केवल चौकों और छक्कों से आए। वहीं, वेदांत त्रिवेदी ने 191 गेंदों पर 19 चौकों की मदद से शानदार 140 रन बनाए। भारत-ए की पहली पारी 423 रन बनाकर ऑलआउट हुई, जबकि ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की पहली पारी 243 रन पर सिमट गई। वेदांत - वैभव के बीच सेंचुरी पार्टनरशिप वैभव और आयुष महात्रे ने पहले विकेट के लिए 47 रन की पार्टनरशिप की। आयुष को हेडन शिलर ने आउट किया। नंबर 3 पर आए विहान 6 रन ही बना सके। उन्हें टॉम पैडिंगटन ने पवेलियन भेजा इसके बाद वैभव और वेदांत ने सेंचुरी पार्टनरशिप की। तीसरे विकेट की पार्टनरशिप में वैभव-वेदांत ने 134 गेंदों पर 152 रन जोड़े। वैभव का विकेट भी शिलर को मिला। खिलन पटेल हाफ सेंचुरी से चूके वैभव और वेदांत के अलावा और कोई बल्लेबाज हाफ सेंचुरी भी नहीं जमा सका। खिलन पटेल ने 49 रन बनाए। अभिज्ञान कुंडू ने 26 और राहुल कुमार ने 23 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से हेडन शिलार और विल मालाजुक ने 3-3 विकेट लिए। आर्यन शर्मा ने दो और टॉम पैंडिंगटन ने एक विकेट लिया।

# मेरा युवा भारत के द्वारा खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन



**आगरा (एनएनआई)।** मेरा युवा भारत आगरा के द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन आगरा वॉरियर्स स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड अंसल टाउन ताज नगरी फेज -2 किया गया जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. अनिल सारस्वत जी सह- संयोजक ब्रज क्षेत्र भाजपा, अतिथि गजेंद्र राजपूत, बॉबी राजपूत, रेनू यादव, बी.एस राजपूत और कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं प्रवक्ता मनीष लोधी ने की कार्यक्रम आयोजक रवि लोधी, संयोजक रोहित राजपूत, सह- संयोजक संजय लोधी, नेशनल यूथ वॉलिंटियर किशन कुमार रहे अध्यक्ष मनीष लोधी ने बताया कि प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, कुश्ती, धीमी साईकिल रेस, दौड़ आदि खेलों का आयोजन कराया गयाआदि खेलों का आयोजन कराया गया जिसमे बालक वर्ग में कबड्डी विजेता लकावली उपविजेता कोटली बगीची, वॉलीबॉल विजेता कुंडौल उपविजेता बरौली हॉट और 800 मीटर दौड़ में प्रथम अजय द्वितीय नीरज तृतीय करन, विवेक और कुश्ती में प्रथम दीपक लोधी, द्वितीय राहुल व बैडमिंटन में प्रथम दीपक द्वितीय विनोद भोला और बालिका वर्ग में कबड्डी में आगरा वॉरियर्स स्पोर्ट्स क्लब उपविजेता ए के स्पोर्ट्स, 400 मीटर दौड़ में प्रथम रानी, द्वितीय परी, तृतीय शैली तथा धीमी साइकिल रेस में प्रथम शैली, द्वितीय रानी, तृतीय रौनक विजेता खिलाड़ी रहे।

# गुरुवार, 02 अक्टूबर राशिफल

मेष राशि के लोगों के लिए आज मंगलवार का दिन आत्मविश्वास और साहस से सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपकी राशि पर मंगल बुध की दृष्टि होने से आपको लाभ मिलेगा। आपके आत्मविश्वास को देखकर आज आपके विरोधी आज शांत रहेंगे।

वृषभ राशि के जातको के लिए दिन उत्साहवर्धक रहेगा। आपकी मुलाकात किसी पुराने परिचित से हो सकती है। आज आप अपने परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हें। गृहस्थ जीवन सुखमय होगा। आर्थिक स्थिति भी आज आपकी अच्छी रहेगी।

मिथुन राशि के जातको के लिए आज का दिन आनंददायक रहेगा। पारिवारिक जीवन में आज आपकी किसी समस्या निदान होगा। आपका सम्मान बढ़ेगा। पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। व्यापार-व्यवसाय में आपके द्वारा किए गए कार्यों का विरोध हो सकता है, लेकिन परेशान न हों, अंत में स्थिति आपके पक्ष में हगी।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। दिन के आरंभ में कुछ उलझनों का सामना करना होगा। किसी की सलाह और सूझबूझ से अधूरे कार्यों को पूरा कर पाएंगे। कार्य और व्यवसाय के जिन क्षेत्रों में आप प्रयास कर रहे हैं, उसमें सफलता मिलेगी।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन मान सम्मान में वृद्धि करने वाला रहेगा। आपको अपने अनुभव का लाभ मिलेगा। आज कारोबार में आपकी पहचान बढ़ेगी। कोई नई डील भी फाइनल कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

कन्या राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि,आपकी राशि से आज राशि स्वामी बुध दूसरे भाव में गोचर करने जा रहे हैं। आप आज किसी शुभ काम में शामिल हो सकते है। पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी के साथ सहयोग और तालमेल बना रहेगा।

तुला राशि के जातकों के लिए आज आज दशहरे का दिन शुभ लाभदायक होगा। कार्यक्षेत्र में सम्मान और प्रभाव हासिल कर पाएंगे। कई दिनों से उलझे हुए मामले भी आज सुलझ जाएंगे। आज आपको आंखों और पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है।

आज का दिन वृश्चिक राशि के जातको के लिए लाभदायक होगा। सितारे बताते हैं कि आर्थिक योजना आपकी सफल होगा। आपको जान पहचान और परिचय का लाभ मिलेगा। आपको आज पड़ोसियों से भी सहयोग मिलेगा। लेकिन दिन खर्चीला रहेगा।

धनु राशि के जातको के लिए आज का दिन कामकाज के लिहाज अनुकूल रहेगा। अधिकारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आपके द्वारा बनाई गई पॉलिसी पर लोग सकारात्मक रूप से काम करेंगे जिससे आपका काम सुचारू रूप से चलेगा।

मकर राशि के जातको के लिए आज दशहरे का दिन चंद्रमा और बुध के गोचर से सुखद होगा। लव लाइफ में आप प्रेमी के साथ रोमांटिक समय बिता पाएंगे। आप अपनी बुद्धि और चतुराई से आज लाभ के अवसर प्राप्त कर पाएंगे।

कुंभ राशि के लिए आज सितारें बताते हैं कि आपको आज अति उत्साहित होकर कोई भी काम करने से बचना चाहिए, नुकसान हो सकता है। आपके सितारे यह भी कह रहे हैं कि आपको आज वाद विवाद से बचना चाहिए। आज आपको पिता और पितृ पक्ष से सहयोग प्राप्त होगा।

आज मीन राशि के लिए सितारे बताते हैं कि आपकी सेहत कुछ नरम रहेगी। जिन लोगों का हाल फिलहाल में ऑपरेशन हुआ है उनकी सेहत में सुधार होगा। लेकिन परेशानी अभी भी बनी रहेगी। आपको अपने खानपान पर ध्यान देने की जरूरत है।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# भविष्य का शहर बनने को अग्रसर आगरा

## सियोल में स्मार्ट लाइफ वीक में महापौर हेमलता दिवाकर ने लिया भाग

- आगरा शहर के भविष्य के रोडमैप को किया प्रस्तुत

एनएनआई



**आगरा।** महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाहा दक्षिण कोरिया की राजधानी सिओल में आयोजित स्मार्ट लाइफ वीक (एसएलडब्लू) में शिरकत कर रही हैं। उन्होंने इस वैश्विक मंच पर आगरा शहर के भविष्य के रोडमैप को प्रस्तुत किया। दुनिया के शहरों को और अधिक स्मार्ट, टिकाऊ और समावेशी बनाने के उद्देश्य से कार्यक्रम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के उपयोग पर विस्तृत चर्चा की गई। इसमें 72 देशों के 109 शहरों के मेयर, गवर्नर, नगर निगम प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। भारत से आगरा शहर की मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाहा को आमंत्रित किया गया।

महापौर ने बताया कि सियोल में हुए वैश्विक कार्यक्रम में रोबोटिक्स तकनीकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर लगाई गई प्रदर्शनी में दर्शायी गई तकनीकी को देखकर ऐसा लगता है कि भविष्य में आगरा में भी यातायात और शहर के अन्य प्रबंधन में रोबोट और आर्टफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम में दुनियाभर के शहरों से आए महापौरों ने भविष्य के स्मार्ट शहरों के लिए अपने-अपने वक्तव्य रखे। आगरा की मेयर हेमलता दिवाकर कुशवाहा ने कहाकि आगरा प्रेम और सामंजस्य का शाश्वत प्रतीक है। यह शहर अपनी संस्कृति, धरोहर के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। आगरा स्मार्ट सिटी अपनी संस्कृति और धरोहरों को सहेजते हुए भविष्य का शहर बनने की ओर अग्रसर है और आधुनिक शहरी जीवन की चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रयासरत है। हम जलवायु परिवर्तन सहित प्राकृतिक व बदलते परिवेश में सामाजिक चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हैं। हम स्वच्छ गतिशीलता को बढ़ावा दे रहे हैं। वायु गुणवत्ता में सुधार कर रहे हैं। आगरा को आधुनिक शहर बनाने के लिए काम कर रहे हैं। महापौर ने विश्वभर से आए लोगों को आगरा आकर शहर के धरोहर के साथ-साथ एक ऐसे नगर की आत्मा को भी अनुभव करने के लिए आमंत्रित किया।

# त्योहारों पर बजाज ऑटो का बड़ा तोहफा




- आगरा पहुंची पूरी ट्रेन, 100 से अधिक बजाज गोगो इलेक्ट्रिक व्हीकल आए

एनएनआई

**आगरा।** बजाज ऑटो ने त्योहारों पर आगरा को एक तोहफा दिया है। कंपनी ने बीस वर्षों में पहली बार पूरी ट्रेन भरकर 100 से अधिक बजाज गोगो इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर भेजे हैं। बुधवार सुबह यह विशेष ट्रेन यमुना ब्रिज स्थित माल गोदाम पर पहुंची, जहां उसका स्वागत किया गया। इस मौके पर मनोरम बजाज के मैनेजिंग डायरेक्टर राम मोहन कपूर और डायरेक्टर गौरव कपूर ने बताया कि दीपावली और धनतेरस जैसे शुभ अवसरों पर ग्राहकों की बढ़ती मांग को देखते हुए बजाज ऑटो ने यह विशेष खेप भेजी है। यह वाहन जल्द ही मनोरम बजाज के आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, मैनपुरी, एटा और कासगंज स्थित शोरूम पर उपलब्ध होंगे। एमडी राम मोहन कपूर ने बताया कि मनोरम बजाज का प्रयास न सिर्फ ग्राहकों को बेहतर और सुरक्षित वाहन उपलब्ध कराना रहा है, बल्कि सड़क सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना भी है। डायरेक्टर गौरव कपूर ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती लोकप्रियता से साफ है कि उपभोक्ता अब हरित ऊर्जा को प्राथमिकता दे रहे हैं। थ्री-व्हीलर बजाज गोगो एक भरोसेमंद, टिकाऊ और सुलभ विकल्प है जो छोटे-बड़े शहरों में आवागमन का चेहरा बदल रहा है। त्योहारों के मौसम में इस विशेष खेप के आगमन ने न केवल ऑटोमोबाइल बाजार को नई गति दी है, बल्कि उपभोक्ताओं के बीच इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति बढ़ते विश्वास को भी मजबूत किया है।

# एनसीसी कैडेट्स ने लिया स्कूबा डाइविंग का प्रशिक्षण

एनएनआई



**आगरा।** ग्रुप मुख्यालय एनसीसी के अंतर्गत एनसीसी कैडेट्स के लिए आयोजित तीन दिवसीय स्कूबा डाइविंग कैम्प आज सफलतापूर्वक शत्रुजीत स्विमिंग पूल आगरा कैंट पर संपन्न हुआ। इस कैम्प का आयोजन 1 यूपी वाहिनी एनसीसी द्वारा किया गया। कैम्प का उद्देश्य कैडेट्स को साहसिक खेलों से परिचित कराना, जल आत्मविश्वास विकसित करना, अनुशासन एवं जीवनोपयोगी कौशल सिखाना था। आगरा और आसपास के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से 100 कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैम्प के दौरान कैडेट्स को स्नॉर्कलिंग एवं दो प्रकार के संपीड़ित वायु आधारित अंडरवाटर ब्रीदिंग अपरेटस के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का संचालन सेवानिवृत्त कमांडर कमांडर राजीव सरदाना एवं भारत की प्रथम लाइसेंस प्राप्त महिला स्काईडाइवर व अनुभवी पर्वतारोही तथा स्कूबा डाइवर अर्चना सरदाना एवं उनकी विशेषज्ञ टीम द्वारा किया गया। शिविर के प्रिसाइडिंग ऑफिसर कर्नल अंकुर सुहाग ने बताया कि यह कैम्प अत्यंत सफल रहा तथा कैडेट्स को साहसिक खेलों, नेतृत्व एवं चरित्र निर्माण की ओर प्रेरित किया। इस पहल ने युवाओं के समग्र विकास हेतु एनसीसी की प्रतिबद्धता को और प्रबल किया, जिससे उनमें साहस, आत्मविश्वास एवं साहसिकता की भावना विकसित हुई। इस दौरान सूबेदार ओम ठाकुरी, सूबेदार विक्रमजीत, सूबेदार राजेंद्र लाल आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# गरबा-डांडिया में खूब थिरके सीनियर्स

- आई सर्व खुशियों के पल संस्था ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए सजाई भक्तिमयी सांझ

एनएनआई



**आगरा।** नवरात्र महोत्सव पर आई सर्व खुशियों के पल संस्था द्वारा बुधवार को होटल लेमन ट्री में खंदारी बाइपास में भव्य उत्सव का आयोजन किया गया। मां भगवती प्रतिमा के समक्ष दीप श्रृंखला सजाकर शुरू कार्यक्रम में जमकर डांडिया रास खेला गया। भजनों की प्रस्तुति के बीच सभी सदस्यों ने डांडिया और गरबा रास में जमकर धमाल मचाया। सीनियर्स की झूमती ताल और कदमों ने यह साबित किया कि उम्र केवल संख्या है, उमंग और उत्साह कभी कम नहीं होता। इस दौरान संस्था के सदस्यों ने एक-दूसरे के साथ खुशियां साझा कीं। संयोजक अनुराग जैन ने बताया कि संस्था की स्थापना जीवन संध्या में पहुंच चुके वरिष्ठ नागरिकों को नई ऊर्जा, उत्साह और आनंद का अनुभव कराने के उद्देश्य से की गई थी। वर्तमान में संस्था से 105 से अधिक वरिष्ठ जन जुड़े हुए हैं, जो युवाओं की तरह ही उत्साह और उमंग से विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं।

